Reg. No. : ....................................

Name : ........................................

**II Year B.A./B.Sc. Degree (S.D.E. – Supplementary) Examination, April 2023**
**(2011 Admission Onwards)**
**COMMON COURSE IN HINDI**
**SDE 2A05 HIN : Translation and Communication Skills in Hindi**

Time : 3 Hours    Max. Weightage : 25

**निर्देश** : किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(W : 5×1=5)**

1. हिन्दी में लिखिए ।
   अ) $15\frac{1}{4}$
   आ) Gazetted Officer
   इ) Embassy
   ई) Post-office

2. शुद्ध कीजिए ।
   अ) मेरी बहिन की नाम कृष्णा है ।
   आ) वह सबेरे से काम करते हैं ।
   इ) उन्होंने यह बात मुझसे नहीं बोली ।
   ई) रविशंकर मद्रास जाना पड़ेगा ।

3. सही मिलान कीजिए ।

| | |
|---|---|
| आस्तीन का साँप | – तुच्छ व्यक्ति |
| कलेजा ठंडा होना | – रुकावट डालना |
| टाँग अड़ाना | – कपट मित्र |
| दो कौड़ी का आदमी | – संतोष होना |





4. प्रस्तुत कहावतों का अर्थ कोष्ठक से चुनकर लिखिए ।
   अ) बहती गंगा में हाथ धोना ।
   (जबर्दस्ती गले पड़ना; पवित्र मन ही तीर्थ है; समय से लाभ उठाना; जो कुछ मिल जाए वही अच्छा)
   आ) न रहेगा बाँस न बजेगी बाँसुरी ।
   (ऊपर-ऊपर से मित्रता; न कारण होगा, न कार्य होगा; गुप्त काम कभी छिप नहीं सकती; निकम्मा बेठिकाना आदमी)
   इ) तू डाल-डाल, मैं पात-पात ।
   (दोनों चालाक; बड़ी-बड़ी बात करो, पर करे कुछ नहीं; संकट में थोड़ी सी सहायता; शक्तिमान की विजय)
   ई) चोर की दाढ़ी में तिनका ।
   (केवल बाह्य प्रदर्शन; अपने पाप से डरना; दोषी निर्दोष पर अकड़े, नयी से नयी रुकावट आना)

5. निम्नलिखित अवतरण में यथास्थान ने, को, से, का, के, की, में पद भरिए ।
   कहानीकारों और विद्वानों _______ अपने ढंग _______ कहानी _______ व्याख्या दी है । उस _______ प्रेमचंद की व्याख्या बहुत संगत लगती है ।

6. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए ।
   अ) माँ बच्चे को पानी _______ है । (पिलाना)
   आ) धन्या से पुस्तक _______ जाती है । (पढ़ना)
   इ) मैं रोज़ अखबार _______ हूँ । (पढ़ना)
   ई) नमिता से कपड़े _______ जाते हैं । (धोना)

**निर्देश** : किन्हीं **दो** पर पत्र लिखिए । **(W : 2×4=8)**

7. परीक्षा में उन्नत अंक प्राप्त करने वाले मित्र के नाम बधाई पत्र लिखिए ।

8. सूची-पत्र माँगने के लिए पुस्तक विक्रेता के नाम पत्र लिखिए ।

9. मच्छर की समस्या के बारे में जिला अधिकारी के नाम पत्र लिखिए ।



**निर्देश** : किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । **(W : 1×4=4)**

10. रेलवे स्टेशन के आरक्षण काऊंटर पर होने वाली बातचीत तैयार कीजिए ।

**अथवा**

11. पुरस्कार प्राप्त कवि से साक्षात्कार तैयार कीजिए ।

**अथवा**

12. संकेतों के आधार पर कहानी लिखिए ।

एक दूधवाला – दूध में पानी मिलाता है – धनी हो जाता है – तीर्थयात्रा पर जाता है – झील के किनारे विश्राम करता है – रुपयों की थैली सिरहाने पर – पेड़ पर से एक बंदर – रुपयों की थैली उठा ले जाना – एक रुपया पानी में फेंका – एक जमीन पर – थैली खाली – दूधवाले ने जमीन से पैसे चुन लिये – थैली में जितने थे, उसका आधा ही मिला – दूध का पैसा दूधवाले को – पानी का पैसा पानी को ।

**निर्देश** : किसी **एक** का हिन्दी में अनुवाद कीजिए । **(W : 1×4=4)**

13. Jagadeesh – Hello Nishanth, how are you ?
    Nishanth – I am fine, and you ?
    Jagadeesh – I am all right. You had gone for your sister's marriage. When did you come back ?
    Nishanth – Yesterday. We had a wonderful time there. Everything went on well.
    Jagadeesh – I am sure, your sister is greatly delighted.
    Nishanth – Yes she is.

**अथवा**

14. Rohan – Do you know the man over there ?
    Ramesh – If you mean the thin, rather dark man, that is Mr. Vinod.
    Rohan – Do you recognise the girl talking to him ?
    Ramesh – Of course, I know that girl. That is Binitha.
    Rohan – I had seen her somewhere but I can't remember.



**निर्देश** : किसी **एक** का संक्षेपण कीजिए । **(W : 1×4=4)**

15. आनंद सब्जी लेने के लिए बाज़ार जा रहा है ।

| | |
|---|---|
| सब्जीवाला | – आइए साब, तरकारी लेंगे ? |
| आनंद | – मुझे ताज़ी सब्जियाँ चाहिए, बिलकुल ताज़ी । |
| सब्जीवाला | – माल गाडी अभी आयी है । बिलकुल ताज़ी है । |
| आनंद | – टमाटर कैसे देते हो ? |
| सब्जीवाला | – अभी सस्ता है । दस रुपये में डेढ़ किलो । दे दूँ ? |
| आनंद | – ठीक है । |
| सब्जीवाला | – गोभी, आलू सब सस्ते हैं साब । |
| आनंद | – तो एक-एक किलो देना । |

**अथवा**

16. ज्ञान और विज्ञान के प्रचार व प्रसार में सिनेमा का स्थान अद्वितीय है । संसार की राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक तथा वैज्ञानिक गतिविधियों से मानव को अवगत कराने में सिनेमा एक प्रमुख साधन है । भारत जैसे देश में जहाँ 70 प्रतिशत लोग अनपढ़ हैं, सिनेमा के द्वारा ज्ञानार्जन कर सकते हैं । पुस्तकों के द्वारा ज्ञानार्जन करने में बहुत समय लगता है । जबकि सिनेमा के द्वारा थोड़े ही समय में ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है ।

---